सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-292
16/06/2018

वयोवृद्ध एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता प्रो0 केशव राव जाधव के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 16 जून 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वयोवृद्ध एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता प्रो0 केशव राव जाधव के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि केशव राव जाधव अपने जीवन पर्यन्त तेलंगाना राज्य के निर्माण एवं उसके विकास के लिये कृत संकल्पित रहे। केशव राव जाधव तेलंगाना जन परिषद के कनवेनर भी रहे चुके थे और अलग तेलंगाना राज्य के आन्दोलन में उनकी अहम भूमिका रही थी। उनका समाजवाद एवं राजनीति के क्षेत्र में अहम योगदान था, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। वे युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत थे।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******